भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, १६ महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.orgईमेल आईडी : info@bsgindia.orgदूरभाष :+91-11-23370724,23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 58 / 2020

दिनांक : 08 मई, 2020

विषय :– "प्लास्टिक टाइड टनर्स चेलेंज बैज (पीटीटीसी) प्रोग्राम" प्रकिया एवं रिर्पोटिंग।

महोदय / महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने विश्व गाइड संगठन (वैग्स) के साथ **"प्लास्टिक टाइड टनर्स चेलेंज बैज प्रोग्राम (पीटीटीसी)"** पर कार्य करना स्वीकार किया है, जो कि वर्तमान समय की आवश्यकता है।

यह गतिविधि प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में है जो पानी के साथ–साथ जमीन पर भी जीवन के लिए खतरा है। पीटीटीसी दुनिया भर में प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने हेतु वैश्विक रुप से प्रदान की जाने वाली एक गतिविधि है। इसे युवा वयस्कों को अपनी प्लास्टिक की खपत को प्रतिबिंबित करने, उनके घरों, समुदायों, संस्थानों और कार्यालयों में इसकी खपत को कम करने हेतु समाधान खोजने तथा परिवर्तन का नेतृत्व करने हेतु उनके लिए बनाया गया है।

चुनौती में सम्मिलित होने से आप युवा नेताओं की एक ऐसी सम्पूर्ण पीढ़ी का हिस्सा बनेंगे जो "एक समय में एक कार्यवाही" के साथ दुनिया को बदल रही है।

इस बैज को अर्जित करने के लिए, वे तीन चरणों से गुजरेंगे अर्थात् –

प्रवेश स्तर, लीडर स्तर, चैंपियन स्तर।

i) ऑनलाइन प्रक्रियाः उम्मीदवार **https://www.tide-turners.org** पर पंजीकरण कर विभिन्न स्तरों को पूर्ण कर सकते है, सदस्यों की आईडी के साथ फोटो और लघु वीडियो, यदि कोई हो तो उन्हें सम्बन्धित राज्य मुख्यालय को भेजें।

ii) ऑफलाइन प्रक्रिया– वे आयोजित गतिविधियों की एक छोटी रिर्पोट एवं फोटो अपने सम्बन्धित राज्य मुख्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं।

इकाई नेता / जिला संस्था में जब भी कोई गतिविधि आयोजित हो अपनी आख्या अनुलग्नक – ए पर राज्य मुख्यालय भेज सकते हैं।

तत्पश्चात् राज्य मुख्यालय इसे अनुलग्नक – बी के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रीय मुख्यालय को भेजेंगे, क्षेत्रीय मुख्यालय इसे संकलित कर अनुलग्नक – सी द्वारा **प्रत्येक माह की 10 तारीख** तक राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित करेंगे।

धन्यवाद,

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

संलग्नकः–रिर्पोटिंग फॉर्मेट, अनुलग्नक ए.बी.सी

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवंजमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।